PUBLICATION	EDITION	DATE
Punjab Kesari	Shimla	25/04/2017

कामधेनु नेक्स्ट, नई पीढ़ी का इंटरलॉक स्टील बाजार में किया पेश

शिमला, 24 अप्रैल (ब्यूरो): कामधेनु लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता वाले इंटरलॉक रीबार कामधेनु नेक्स्ट को बाज़ार में पेश किया। बेजोड़ मजबूती, बेहतर क्षमता वाला कामधेनु नेक्स्ट डबल रिब सरिए की उन्नत किस्म है जिसे कंपनी ने काफी आर. एंड डी. के बाद बाज़ार में उतारा है। यह सरिया कंकरीट को अन्य सरिए के मुकाबले अढ़ाई गुना ज्यादा इंटरलॉक पकड़ देने वाला है। नई पीढ़ी का इंटरलॉक स्टील कहा जाने वाला कामधेनु नेक्स्ट भूकंप में भी बेहतरीन सुरक्षा प्रदान करता है। गगनचुंबी इमारतें आज के समय की जरूरत बनती जा रही हैं और इन इमारतों को सुरक्षा प्रदान करने में टी.एम.टी. सरिया की भूमिका अहम होती है। कामधेनु लिमिटेड के सुनील अग्रवाल ने कहा कि ''स्मार्ट सिटी कांसेप्ट आज नए भारत को परिभाषित कर रहा है और कामधेनु लिमिटेड कंपनी भी इस कांसेप्ट को मजबूत आधार देने के लिए नए सिरे से बेहतरीन इनोवेटिव उत्पादों को स्थापित करने का कार्य कर रही है। इस दिशा में कार्य करते हुए हमने काफी अनुसंधान के बाद कामधेनु नेक्स्ट को बनाया है।